कार्यालय अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर

क्रमांक 7769 स्था / अराज / 2024 जबलपुर दिनांक 9 / 09 / 2024

/ / सूचना / /

अंतिम अवसर

कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल के द्वारा समूह–4 के अंतर्गत संयुक्त गैर–शैक्षणिक संवर्ग के रिक्त पदों की आयोजित परीक्षा 2023 में दिनांक 26 / 02 / 2024 को जारी परीक्षा परीणाम में उपलब्ध कराई गई प्रवीणीय सूची से पद पूर्ति करने के उपरांत शेष रिक्त पदों की पूर्ति हेतु कार्यालयीन सूचना क्रमांक 5683–1 / स्था / अराज / 2024 / जबलपुर, दिनांक 02 / 07 / 2024 के तहत विभिन्न पदों हेतु प्रतीक्षा सूची क्रमांक 01 से 05 तक दिनांक 23 / 07 / 2024 एवं 24 / 07 / 2024 को आमंत्रित किया गया था।

उक्त दिनांक को प्रतीक्षा क्रमांक 01 से 05 तक आमंत्रित किये गये **जो अभ्यार्थी किसी कारणवश दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित नहीं हो पाये थे उन्हें अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 23 / 09 / 2024 एवं 24 / 09 / 2024** को प्रातः 11:00 बजे चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

उम्मीदवार निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

(1) परीक्षा प्रवेश पत्र। (2)–स्वयं की दो फोटो जैसा की प्रवेश पत्र में लगाया गया है। (3)–हाई स्कूल एंव हायर सेकेण्ड्री परीक्षा प्रमाण पत्र। (4)–मूल निवासी प्रमाण–पत्र। (5)– सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र। (6)– प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड द्वारा संबंधित पदों हेतु निर्धारित योग्यता का प्रमाण पत्र एंव अंक सूची (7)– विधवा / परित्यक्ता / तलाकशुदा की स्थिति में नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तत्संबंधी शपथ पत्र। (8)– दिनांक 26 / 1 / 2001 के बाद दो से अधिक संतान न होने का नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित शपथ पत्र। (9)–शासकीय सेवा में कार्यरत उम्मीदवार द्वारा नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र। (10)–भूतपूर्व सैनिक होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र। (11)–प्रोफेशनल एग्मामिनेशन बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम की छायाप्रति।

नोटः– समस्त अभ्यार्थीयों को सूचित किया जाता है कि भर्ती से संबंधित समस्त अद्यतन जानकारी हेतु चिकित्सा महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.nscbmc.ac.in पर विजिट करें।

अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस
मेडिकल कॉलेज जबलपुर